मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम की तैयारियों पर समीक्षा बैठक में अफसरों को दिए दिशा-निर्देश

पांच लाख युवाओं को मिलेगा रोजगार

ग्राउंड ब्रेकिंग

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी थ्री की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को तैयारियों को समय पूरा करने के निर्देश दिए। जीबीसी थ्री में करीब 14 सौ प्रोजेक्ट का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन जून को करेंगे। इसमें सबसे ज्यादा प्रोजेक्ट पश्चिमांचल में, फिर पूर्वांचल और मध्यांचल में, चौथे नंबर पर बुंदेलखंड में लग रहे हैं।

80 हजार करोड़ रुपये के निवेश से पांच लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा। इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

असल में सीएम योगी ने प्रदेश को निवेश का हब बनाने के लिए चार साल पहले इंवेस्टर्स समिट के माध्यम से प्रयास शुरू किए थे। उसी का परिणाम है कि प्रदेश उपभोक्ता राज्य से निर्यातक राज्य के रूप में उभर रहा है।

प्रदेश देश दुनिया में तेजी से उभर रहे सेक्टर का भी हब बन रहा है। अधिकांश मेगा निवेश 25 फीसदी डेटा सेंटर में हो रहा है। इसमें 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश हो रहा है। आईटी और इलेक्ट्रानिक में आने वाले समय में कुछ और कंपनियों के प्रदेश में निवेश के आसार है। इसी तरह इंफ्रास्ट्रक्चर में 8.2, मैन्यूफक्चरिंग में आठ, हैंडलूम और टेक्सटाइल में सात, अक्षय ऊर्जा में छह फीसदी निवेश हो रहा है।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी थ्री की तैयारी करते मजदूर।

1800

करोड़ माइक्रोसाफ्ट कंपनी का निवेश साफ्टवेयर डेवलपमेंट के लिए

1500

करोड़ रुपये का निवेश एनटीटी नेट मैजिक द्वारा डेटा सेंटर के लिए

अफसरों ने बस से किया पीएम रूट का निरीक्षण, डीएम ने दिए निर्देश

लखनऊ। सोमवार को डीएम ने नगर आयुक्त अजय द्विवेदी समेत अन्य अफसरों के साथ पीएम के आगमन वाले रूट का बस से निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री तीन जून को गाउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में शामिल होने आ रहे हैं। इसके लिए तैयारियां चल रही हैं। सोमवार को नगर आयुक्त ने बस से पूरे रूट का निरीक्षण किया। डीएम ने आईजीपी और लोहिया अस्पताल मार्ग पर सड़क के बीच स्थित नाले की सफाई कराने के भी निर्देश दिए।

इसके अलावा आईजीपी से एयरपोर्ट के बीच आने वाले सभी सरकारी भवनों को फसाड लाइट से रोशन किया जाएगा। इसके बाद यहां से लामार्टीनियर कालेज ग्राउण्ड पहुंचे। लामार्टिनियर ग्राउण्ड से गोल्फ क्लब चौराहे तक सड़क के दोनों तरफ लगी जाली की पुताई की जाएगी। साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण से संबंधित पोस्टर्स नए तरीके से लगाए जाएंगे। स्ट्रीट लाइटों की पेंटिंग भी शुरू हो गई है।

कंपनियां करेंगी 7500 करोड़ का निवेश: नंदी

लखनऊ। नोएडा के साथ ही जिलों में जल्द ही करीब साढ़े सात हजार करोड़ की विदेशी परियोजनाएं जमीन पर उतरने जा रही हैं। ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी-3 को भव्य से भव्यतम बनाने के लिए चल रही तैयारी की अगुवाई कर रहे औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जापान, कनाडा, जर्मनी, हांगकांग, सिंगापुर, यूके, यूएस और कोरिया की कम्पनियां का विदेशी निवेश उत्तर प्रदेश में होने जा रहा है।

मंत्री नन्दी ने बताया कि अमेरिका का एमक्यू साफ्टवेयर गौतमबुद्धनगर नोएडा में 252 करोड़ रुपये का निवेश कर रहा है। माइक्रोसाफ्ट कंपनी द्वारा गौतमबुद्धनगर में साफ्टवेयर डेवलपमेंट परियोजना की स्थापना के लिए 1800 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है। जापान की ही एनटीटी नेट मैजिक द्वारा गौतमबुद्धनगर में डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए 1500 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है।